प्रेस विज्ञप्ति

महिला तटरक्षक अफसरों ने समुद्री गश्त हेतु उड़ान भरी

23 दिसंबर 16, चेन्नई: भारत के पूर्वी तट पर पहली बार, तटरक्षक क्षेत्र पूर्व ने, समुद्री गश्त करने तथा समुद्री क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर फिक्स विंग वायुयान डोर्नियर पर महिला अफसरों को तैनात किया।

2. 744 स्क्वाड्रन (तटरक्षक), तटरक्षक वायु स्टेशन, चेन्नई की डिप्टी कमांडेंट अक्षी, सुनीता (पाइलट) तथा प्रियंका त्यागी (आब्सर्वर) ने डोर्नियर उड़ान के द्वारा खुले सागर के ऊपर समुद्री सर्वेक्षण का अभियान सफलतापूर्वक पूर्ण किया । सभी महिला अफसरों को वास्तविक समय की संक्रियाओं जिसमें प्रदूषण प्रतिक्रिया, समुद्री सर्वेक्षण, खोज एवं बचाव, जलदस्युता विरोधी तथा अवैध शिकार जैसे मिशन सम्मिलित हैं, के लिए निरंतर प्रशिक्षित किया गया है।

3. डिप्टी कमांडेंट अक्षी ने जून 2014 में तटरक्षक वायु स्टेशन, चेन्नई में कार्यभार ग्रहण किया, इनके पास 1700 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डिप्टी कमांडेंट प्रियंका त्यागी फरवरी 14 में तटरक्षक स्टेशन, चेन्नई का हिस्सा बनीं, इनके पास 1500 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डिप्टी कमांडेंट सुनीता ने इस प्रमुख स्क्वाड्रन में अगस्त 11 में कार्यभार ग्रहण किया तथा इनके पास 1200 घंटों के उड़ान का अनुभव है। ये समुद्री उड्डयन के क्षेत्र में सफलता एवं योगदान के लिए अनेकों महिलाओं की आदर्श हैं।